# SYSTEMATIX SECURITIES LTD.

Registered Office: 35, Old Industrial RIICO Area, Chittorgarh, Rajasthan, India 312001, Mob. No. - 9414111117
Web: www.systematixsecurities.in, E-mail- systematixctor@gmail.com, CIN: L65999RJ1986PLC070811

To,

Date: 03rd July, 2021

The Secretary,
Corporate Relationship Department,
Bombay Stock Exchange Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai – 400 001

Sub. : Newspaper Cutting of Published Audited Financial Results for the quarter/year ended March 31, 2021.

**Ref. : SYSTEMATIX SECURITIES LTD (BSE Scrip Code 531432, SCRIP Name: SYTIXSE, ISIN No. INE07P301011)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, we are attaching herewith copy of extract of audited financial results for the quarter and year ended March 31, 2021 published in the newspaper namely Financial Express (English edition) and Business Remedies (Hindi edition) on 3rd July, 2021.

This is for your information and record

Thanking you.

Yours faithfully,
For **Systematix Securities Limited**

For- Systematix Securities Ltd.

Director/Auth.Sign.

Rajesh Kumar Inani
Director
DIN: - 00410591

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### 'अर्जेन्ट टेम्परेरी आधार पर 300 पशु चिकित्सा अधिकारियों की होगी नियुक्ति'

**जयपुर।** राज्य सरकार की ओर से तत्काल पशु चिकित्सा व्यवस्था सुचारू करने के लिए अर्जेन्ट टेम्परेरी आधार पर तीन सौ पशु चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। यह जानकारी देते हुए पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 900 पशु चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रि याधीन है, जबकि राज्य में पशु चिकित्सकों के काफी पद रिक्त हैं, जिससे योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में दिक्कतें आ रही है। उन्होंने बताया कि अर्जेन्ट टेम्परेरी आधार पर तीन सौ पशु चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति देने के लिए वित्त विभाग की ओर से सहमति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिलेवार इन रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी। पशुपालन विभाग की शासन सचिव डॉ. आरुषी मलिक ने बताया कि इन नियुक्ति यों से राज्य में मानसून के दौरान पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं माकूल व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को गति मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि 900 पशु चिकित्साधिकारियों की भर्ती के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पिछले साल 2 अगस्त को लिखित परीक्षा आयोजित कर परिणाम जारी किया जा चुका है। लेकिन प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण आयोग की ओर से साक्षात्कार के लिए तिथियों का निर्धारण अभी लम्बित है। वर्तमान मंख विभाग में पशु चिकित्साधिकारियों के स्वीकृत पदों में से 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में अर्जेन्ट टेम्परेरी आधार पर तीन सौ पशु चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति दी जा सकेगी।

### 'अधिकांश विभागों में क्लीयर्स तथा पीएलएस के 100 फीसदी प्रकरणों का निस्तारण'

जयपुर। मुख्य सचिव कार्यालय से 'क्लीयर्स' और पिंक लेटर्स सिस्टम के तहत विभिन्न विभागों को जाने वाले अधिकांश प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने प्रकरणों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए विभागीय शासन सचिवों की सराहना की है। आर्य शु वार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'क्लीयर्स' और 'पिंक लेटर्स सिस्टम' की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव आर्य ने कहा कि इयरमार्क्ड फॉर एक्शन एंड रिस्पॉन्स सिस्टम (क्लीयर्स) और पिंक लेटर्स सिस्टम (पीएलएस) सिस्टम के तहत सभी विभागों ने बेहतरीन काम किया है और अधिकांश विभागों में प्रकरणों के निष्पादन की दर शत-प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि क्लीयर्स के तहत विभागों में औसत 97.33 प्रतिशत तथा पीएलएस के तहत 92.5 प्रतिशत प्रकरणों का निष्पादन किया गया है। आर्य ने लम्बित रहे प्रत्येक प्रकरण की गहन चर्चा कर समीक्षा की और समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन सचिव स्वयं क्लीयर्स एवं पीएलएस को नियमित रूप से मॉनिटर करें। बैठक में सभी प्रमुख विभागों के प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

### समसामयिक कला के विकास में युवा कलाकारों की भूमिका महत्वपूर्ण : कला एवं संस्कृति मंत्री

**जयपुर।** कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि राज्य की समसामयिक कला के विकास में युवा कलाकारों की भागीदारी महत्वपुर्ण भूमिका निभाती है। प्रदेश के युवा कलाकार अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नित नये प्रयोग कर रहे हैं। डॉ. कल्ला राजस्थान ललित कला अकादमी जयुपर द्वारा आयोजित 40वीं छात्रकला प्रदर्शनी के वर्चुअल उदघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. कल्ला ने कहा कि राज्य में कला का भविष्य उज्जवल है। कला विद्यार्थी ही भविष्य में कलाकार बन आमजन को अपनी कला कौशल से प्रभावित करते हैं। अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि 40वीं छात्र कला प्रदर्शनी में दीपा कुमावत, पारूमिता शाह ,अमर प्रजापत ,सुभाष चन्द्र बैरवा, विजय सिहं बैनिवाल, नरेन्द्र कुमार सैन, अजय कुमार एवं आशुतोष मिश्रा की कृतिया को निर्णायक मण्डल द्वारा पुरस्कार योग्य घोषित किया गया सभी छात्रों को दस-दस हजार रूपये का नकद पुरस्कार ऑन लाईन दिया जा रहा है। बाद में पुरस्कृत छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ. विद्या सागर उपाध्याय थे।

**आवश्यकता**

**बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।**

सम्पर्क करें

**बिजनेस रेमेडीज**

63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर -302020

0141-278568, 9929106227

E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

## अंतर की पीड़ा

मुझे दिखादो मेरे हिन्दुस्तान की वो गलियां जहां मुस्कराती इठलाती रही बचपन की वो कोमल कलियां , दूध, दही और मक्खन से होता था भोर में कलेवा मां-बांप की खुशियों से जुड़वा था दो दिलों का हथलेवा आज जहरिला खाना और शर्माने वाला पहनावा बन रहा है वासना के भूखे भेड़ियों को भड़कावा कहीं सुरक्षा नहीं, चारों ओर खतरा ही खतरा चोर लुटेरे कातिल छोड़ते नहीं, इंसान की नसों में खून का कतरा, वो बुजुर्गों का साया, बरगद पीपल की छाया, बच्चों के साथ घर में मचलते घर में छोटे-छोटे चौपाया अब तो आंखे तलाशती है उस अतीत को वहां आपस में बैठे गुनगुनाते रस भरे गीत को, कच्चे घरोंदे थे-पक्के रिश्ते थे कुनबे के सारे लोग एक-दूसरे के दिल में बसते थे एक के पैर में कांटा लगता तो दर्द सभी को होता दिन भर की मेहनत बाद हर शख्स बुजुर्गों की ढाल में सोता डर और खौफ के पास आता हुआ डरता था एक दूसरा एक-दूसरे के लिए खुशी-खुशी मरता था(कुर्बान) हाथ जमाना क्यों ओट ले रहा है पंचम आरे की ये कसक किसी एक की नहीं है पूरे हिंद के दुखियारे की मुझे चाहिए मेरा वो वाला हिन्दुस्तान जहां हर रोज आते थे मेहमान, सबका होता था सम्मान गली-गली में झलकता था शुद्ध खानपान, सुथरा हुआ खानदान।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

### पीड़ित प्रतिकर स्कीम : 2011 की बैठक, कुल 30 लाख 45 हजार की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**जयपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा पीड़ित प्रतिकर स्कीम - 2011 की बैठक आयोजित हुई। स्कीम के तहत स्वीकार किये गये आवेदनों में कुल 30 लाख 45 हजार की प्रतिकर राशि स्वीकृत की गयी।

जिला एवं सैशन न्यायाधीश जयुपर महानगर द्वितीय के अध्यक्ष आशुतोश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम - 2011 तथा निशुल्क विधिक सहायता स्कीम के तहत प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पीड़ित, आश्रितों द्वारा प्राप्त कुल 76 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निशुल्क विधिक सहायता स्कीम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों पर भी विचार किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयुपर के सचिव श्री विक्रम सिंह भाटी, अन्य सदस्यगण रूपा गुप्ता, न्यायाधीश औद्योगिक न्यायाधिकरण, राजेन्द्र सिंह काविया, अति. जिला मजिस्ट्रेट तृतीय, जयुपर, प्रदीप मोहन उपस्थित थे।

# हिन्दुस्तान जिंक 'खनन उद्योग 2021 में मोस्ट सस्टेनेबल कंपनी अवार्ड' से सम्मानित

## वर्ल्ड फाइनेंस द्वारा सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स-2021 के अवसर पर कंपनी को खनन उद्योग में मोस्ट सस्टेनेबल कंपनी के रूप में सम्मानित किया गया है

**बिजनेस रेमेडीज/उदयपुर।** भारत में जस्ता-सीसा और चांदी की प्रमुख उत्पादक हिंदुस्तान जिंक को वर्ल्ड फाइनेंस द्वारा 'खनन उद्योग 2021 में मोस्ट सस्टेनेबल कंपनी अवार्ड' से पुरस्कृत किया गया है। कंपनी स्मार्ट, सुरक्षित और सस्टेनेबल खनन कार्यों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। हिन्दुस्तान जिंक प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और हरित तकनिकियों को अपनाने का प्रयास करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसके पर्यावरणीय फूटप्रिंट साल दर साल कम हो। कंपनी अपने ईएसजी डिसक्लोजर, 2025 के महत्वाकांक्षी सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों, पर्यावरणीय प्रभाव के विश्लेषण और अपने व्यवसाय के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण, जीएचजी उत्सर्जन में कमी, जल प्रबन्धन, सर्कुलर इकोनोमी, जैव विविधता संरक्षण, जीरो हार्म, स्थानीय समुदायों, विविधता और समानता तथा जिम्मेदार सोर्सिंग पर सकारात्मक प्रभाव के परिणामस्वरूप ही उपलब्धि मिली है। इसके अतिरिक्त , हिन्दुस्तान जिंक को प्रसिद्ध वर्ल्ड फाइनेंस 2021 समर एडीशन में भी विशेष स्थान दिया गया है।

हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरूण मिश्रा ने इस उपलब्धि पर कहा कि ''हिन्दुस्तान जिंक में हमारी कार्य संस्कृति में सस्टेनेबिलिटी एक अभिन्न अंग के रूप में अंतर्निहित है। हम अपने लोग, समुदाय और पर्यावरण के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करके दीर्घकालिक सतत् विकास को चलाने में विश्वास करते हैं। हम सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलोजी एण्ड डिजिटलीकरण समाधानों से अपने संचालन को मजबूत करने के लिए लगातार निवेश करते रहे हैं ताकि हम एक स्मार्ट और सस्टेनेबल वैश्विक संगठन बने रहे। हमें गर्व है कि हमें दुनिया भर में खनन उद्योग-2021 में मोस्ट सस्टेनेबल कंपनी के रूप में मान्यता मिली है और हम सीओ2 उत्सर्जन कम करने, जल संरक्षण और जैव विविधता प्रबन्धन के लिए नेतृत्व बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

हिन्दुस्तान जिंक ने सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए काम करने का एक अलग तरीके से अभियान का एक डिजिटल परिवर्तन कार्य म प्रारंभ किया है, जिसका उद्देश्य एक्सप्लोरेशन, नवाचार, सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी के माध्यम से हितधारक मूल्य को ब?ाना, बाजार में नेतृत्व बनाए रखना और ग्राहकों की खुशी बढ़ाना है। हिन्दुस्तान जिंक जलवायु परिवर्तन को सीमित करने, इसके विनाशकारी प्रभावों को कम करने और अंततः जीवन बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। सतत् विकास के लिए जैव विविधता की रक्षा करना और ब?ाना भी हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता का एक अभिन्न अंग है। हिन्दुस्तान जिंक की एक यात्रा है, जो पोषण नेतृत्व, संसाधनों के संरक्षण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और भलाई में सुधार पर केंद्रित है। कंपनी का लक्ष्य वह उदाहरण बनना है जिसका पर्यावरण प्रदर्शन, जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने और नवाचार को ब?ावा देने के लिए अन्य लोग अनुसरण करें। कंपनी डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स द्वारा लगातार तीसरे वर्ष एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले स्थान पर और धातु एवं खनन क्षेत्र में विश्व स्तर पर सातवें स्थान पर है और 2020 के लिए सीडीपी जलवायु परिवर्तन 'ए लिस्ट' में शामिल होने वाली भारत की पहली कंपनियों में से एक है। यह पुरस्कार सस्टेनेबिलिटी की दिशा में हिन्दुस्तान जिंक के प्रयास का एक पुख्ता प्रमाण है।

## अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को दी जाए प्राथमिकता : मुख्यमंत्री



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में सिरमौर बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। अक्षय ऊर्जा के विकास से जुड़ी परियोजनाओं को गति देने के लिए राज्य सरकार ने राजस्थान सौर ऊर्जा नीति-2019 और सोलर-विंड हाईब्रिड ऊर्जा नीति-2019 लागू की है। इससे प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश और मेगा सोलर पार्क परियोजनाओं की स्थापना को बढ़ावा मिला है।

गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निगम मिशन भावना के साथ काम करते हुए वर्ष 2024-25 तक प्रदेश के लिए तय 30 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा और 7500 मेगावाट विंड तथा हाइब्रिड एनर्जी उत्पादन के लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही पूरा करने का प्रयास करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां सौर ऊर्जा उत्पादन के अनुकूल हैं और यहां वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 2.7 लाख मेगावाट सोलर और विंड एनर्जी उत्पादन की क्षमता है। हमें इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में नई सोच और तकनीक के साथ काम करना होगा। इससे न केवल प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में एक ब?ा हब बन सकेगा, बल्कि इससे रोजगार के बड़े अवसरों का सृजन भी संभव होगा।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी भूमि डीएलसी दरों पर आवंटित करने, 10 वर्ष तक परियोजना के लिए विद्युत शुल्क में पूर्ण छूट देने, सौर ऊर्जा उपकरण निर्माताओं को स्टाम्प शुल्क में छूट और राज्य जीएसटी में 90 प्रतिशत तक निवेश अनुदान देने जैसे महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। साथ ही, निजी कृषि भूमि पर सौर अथवा पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने पर भू-रूपान्तरण की अनिवार्यता समाप्त करने तथा भूमि खरीद के लिए सीलिंग लिमिट में छूट का प्रावधान भी किया है। इन नीतियों और योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने प्रदेश में कुछ बड़ी ऊर्जा परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज स्वीकृत किया है। इससे राज्य में करीब 1.5 लाख करोड़ रूपये का निवेश होने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग अक्षय ऊर्जा के विकास से जुड़ी बजट एवं अन्य घोषणाओं को समय पर पूरा करने का प्रयास करे। गहलोत ने कहा कि कुसुम योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार से समन्वय किया जाए, ताकि अपनी भूमि में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के इच्छुक किसानों को कम ब्याज दर पर बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के वित्तीय संस्थाओं से ऋण मिल सके।

## राजस्थान रोडवेज की बसों में नहीं बढ़ाया जाएगा यात्री किराया : परिवहन मंत्री

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान रोडवेज की बसें राजस्थान का चेहरा हैं। प्रदेशवासियों को सुरक्षित परिवहन सुविधा देना हमारी मुख्य जिम्मेदारी हैं। राजस्थान रोडवेज की बसों को सभी रूटों पर संचालित किया जायेगा।



खाचरियावास की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने रोडवेज को घाटे से उबारने, सेवानिवृत कर्मचारियों को एकमुश्त बकाया देने, बस स्टैंडों की कायाकल्प करने और बजट घोषणाओं को षीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि यह पब्लिक सर्विस घाटे में जरूर हैं, इसके बावजूद जनकल्याण के लिए समर्पित राजस्थान रोडवेज की बसों के यात्री किराये में वृद्धि नहीं की जाएगी। रोडवेज की स्थिति मजबूत करने और इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए वित्त विभाग, परिवहन विभाग और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ जल्द बैठक होगी। उन्होंने बताया कि रोडवेज को और मजबूत बनाने और गांव-गांव तक परिवहन सुविधा पहुंचाने के लिए जल्द ही 550 नई बसें सम्मिलित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। गत वर्ष रोडवेज के बेड़े में 875 नई बसें शामिल कर परिवहन सुविधा बढ़ाई गयी थीं। खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान ट्रॉन्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड से रोडवेज के आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने के अधिक सहायता के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देष दिए कि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिले, इसके लिए जो भी आवष्यक संसाधन हो जुटाए जाए। उन्होंने कहा कि अस्थियों के विसर्जन के लिए उत्तरप्रदेश जाने वाली मोक्ष कलश योजना की बसों के संचालन के लिए उत्तरप्रदेश सरकार से निरंतर वार्ता चल रही हैं। समीक्षा बैठक में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सीएमडी राजेश्वर सिंह, परिवहन विभाग के प्रमुख षासन सचिव अभय कुमार, परिवहन आयुक्त महेंद्र सोनी सहित राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता भण्डारों एवं केवीएसएस में 385 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 17 जुलाई को

**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बताया कि राजस्थान सहकार भर्ती बोर्ड के माध्यम से सहकारी उपभोक्ता हॉलसेल भण्डारों एवं क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में विभिन्न संवर्ग के 385 पदों पर भर्ती के लिए 17 जुलाई को ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिन पदों के लिए भर्ती परीक्षा होगी उनमें बी वर्ग में कलर्क, जूरियर असिस्टेन्ट, सेल्समेन, गोडाउन कीपर, स्टोर कीपर, टाईपिस्ट एवं कैशियर के पद शामिल है।

आंजना ने बताया कि बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित इस परीक्षा में प्रश्नों की संख्या 100 होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध होगा। प्रश्न पत्र में आंकिक क्षमता के 40 प्रश्न, राजस्थान का सामान्य ज्ञान के 40 प्रश्न व राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2001 और राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम, 2003 एवं राजस्थान में सहकारी संरचना के 20 प्रश्न होंगे तथा प्रश्नों को हल करने के लिए परीक्षा की अवधि 120 मिनट की होगी। प्रश्न का गलत उत्तर अंकित होने पर अंको में कोई कटौती नहीं होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

### नाथद्वारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए चिकित्सा सामग्री रवाना

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी को विश्व फाउंडेशन जयपुर द्वारा नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमनोर के लिए 17 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, 25 पल्स ऑक्सीमीटर, 25 सुविधा युक्त बैंड,एक बाई पैप मशीन व 250 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट सहित अन्य चिकित्सा उपकरण भेंट किए गये। डॉ. जोशी ने जयपुर स्थित अपने राजकीय आवास से हरी झंडी दिखाकर नाथद्वारा के लिए गाड़ी रवाना की।

### शिक्षा राज्य मंत्री करेंगे एमओयू प्रस्तावों की समीक्षा

**जयपुर।** शिक्षा राज्य मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा जुलाई को विभाग को प्राप्त विभिन्न एमओयू प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान एजुकेशन इनिशिएटिव के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद को विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं से एमओयू प्रस्ताव प्राप्त हुए है। शिक्षा मंत्री डोटासरा की अध्यक्षता में शिक्षा संकुल स्थित सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा इन प्रस्तावों का पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत्त (दक्षिण), जयपुर**

क्रमांकः एफ.2(के)II/148/2021-22/2613-21 दिनांकः 29.06.2021

**निविदा संख्या 05/2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वृत्त के अधीन विभिन्न कार्यों के लिए उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारिक पत्र में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1. | 05/2021-22 | PHE:2122HSRCO4299 |

DIPR/C/6372

(नितिन जैन)
अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
नगर वृत्त (दक्षिण), जयपुर।

**SYSTEMATIX SECURITIES LTD.**

CIN: L65999RJ1986PLC070811

Regd. Off.: Plot 35, Old Industrial RIICO Area, Chittorgarh, Rajasthan, India 312001

Tel. no.: +91- 9414111117, E-mail- systematixctor@gmail.com

Statement of Audited Financial Results For the Quarter and Year Ended March 31, 2021

((Rupees in Lakhs except EPS))

| SL. | PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | March 31, 2021 Audited | December 31, 2020 Un-audited | March 31, 2020 Audited | March 31, 2021 Audited | March 31, 2020 Audited |
| 1. | Total Income from Operations | 23.58 | 17.01 | 16.65 | 77.42 | 66.35 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before tax & Exceptional items) | 11.96 | 1.41 | 13.71 | 40.00 | 33.49 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax after Exceptional items) | 11.96 | 1.41 | 13.71 | 40.00 | 33.49 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax And Exceptional items) | 10.04 | 1.05 | 9.60 | 31.14 | 23.44 |
| 5. | Total comprehensive income for the period (Comprising Profit/Loss for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) | 10.04 | 1.05 | 9.60 | 31.14 | 23.44 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 7. | Other Equity (Reserves) | - | - | - | 385.77 | 354.62 |
| 8. | Earnings per share (of Rs. 10/- each) Basic and Diluted EPS | 0.20 | 0.02 | 0.19 | 0.62 | 0.47 |

The above is an extract of the detailed format of Quarterly and year ended audited financial results filed with the Stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full formats of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and also on the company's website at (www.systematixsecurities.in).

For & on behalf of Board
SYSTEMATIX SECURITIES LTD.
Sd/-
Rajesh Kumar Inani
Director (DIN: 00410591)

Place: Chittorgarh
Date: 01/07/2021

## बालश्रम एवं बाल तस्करी से मुक्त कराए 92 बच्चे, घर वापसी की खबर सुन बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर लौटी

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** जयपुर शहर के विभिन्न थानों द्वारा बालश्रम से मुक्त करवाए गए 92 बाल श्रमिकों को शुक्रवार को पटना, बिहार स्थित उनको घर के लिए विशेष ट्रेन से एक टीम के साथ रवाना किया गया।



जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रोहित जैन ने बताया कि इन बच्चों के पुनर्वास हेतु रिकॉर्ड डिजिटल रूप में बाल श्रम के अंतर्गत कार्यवाही पूर्ण कर सभी बालकों का बैंक में खाता खुलवाया गया एवम विधिक सहायता के लिए केस फाइल तैयार करवाकर दस्तावेजों सहित भिजवाया गया है। बालश्रम से मुक्त करवाए गए बच्चों को जयपुर जिले के विभिन्न राजकीय, गैर राजकीय बाल गृह में देख रेख संरक्षण के लिए कोविड-19 कि जांच करवाकर प्रवेश दिलवाया गया था। बच्चों को प्रवेश के बाद योग, ध्यान, संस्थागत अनौपचारिक शिक्षा, पौष्टिक भोजन आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। सभी बच्चों को कोविड-19 के दौरान पूर्ण रूप से सुरक्षित भिजवाया गया है। बच्चों की घर वापसी के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक श्री रोहित जैन, बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती विजया शर्मा, अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों राकेश पटेल एवम देशराज सिंह द्वारा बच्चों को घर के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि बाल अधिकारिता विभाग एवम राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवम् जिला बाल संरक्षण इकाई जयपुर द्वारा बाल श्रम एवम् बाल तस्करी उन्मूलन हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बाल श्रम एवम् बाल तस्करी में संलग्न 92 बच्चों को मुक्त कराया गया है।

